राजभाषा अनुभागः एक परिचय

राजभाषा अनुभाग/गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग

सहायक निदेशक/राजभाषाः श्री विष्णु कान्त लाल

संपर्क सं. 9474538018

ईमेल:vishnuklal@gmail.com

कनिष्ठ अनुवादकः श्री सागर कुमार

संपर्क सं. 8210012289

ईमेल:sagarrahi12@gmail.com

कार्यालय ईमेलः gfccpatna@gmail.com

कार्यः

संघ की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन एवं राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम, 1976 तथा राजभाषा से सम्बधित विभिन्न आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना ।

मुख्य कार्यकलापः

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन
2. राजभाषा प्रयोग-प्रसार संबंधी तिमाही एवं वार्षिक रिपोर्ट बनाना
3. हिंदी प्रशिक्षण की व्यवस्था करना
4. हिंदी के प्रयोग-प्रसार हेतु कार्यशाला,संगोष्ठी,जयंती आदि का आयोजन करना
5. अनुवाद संबंधी कार्य का निष्पादन
6. पुरस्कार योजनाओं का कार्यान्वयन
7. पुस्तकालय हेतु हिंदी पत्र-पत्रिकाओं एवं पुस्तकों की खरीद
8. राजभाषा संबंधी निरीक्षण एवं बैठकों में भाग लेना
9. अपने क्षेत्राधिकार से सम्बधित केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरों एवं केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान/हिन्दी शिक्षण योजना/नराकास के कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करना ।

राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विशिष्ट उपलब्धियों/कार्यों का संक्षिप्त विवरण

(वर्ष- 2021-22)

1. राजभाषा हिंदी के संवर्धन में प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकारों के योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से दि. 04.03.2021 को महान साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु जी का जन्म शतवार्षिकी का आयोजन किया गया।उक्त जन्मशताब्दी समारोह में रेणु जी के जीवन एवं साहित्य पर परिचर्चा आयोजित की गई।

2. हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 14.09.2021 से 02.10.2021 तक 'राजभाषा पखवाड़ा' मनाया गया । राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण/प्रारूपण प्रतियोगिता,हिंदी क्विज प्रतियोगिता एवं वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोग के समस्त कार्मिकों ने उक्त आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मूल्यांकन के पश्चात सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

3. सदस्य(समन्वय)/गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की अध्यक्षता में दि. 14.09.2021 को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। हिंदी दिवस के पावन अवसर पर “स्वतन्त्रता संग्राम में हिन्दी साहित्यकारों का योगदान” विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के अंतिम चरण मे हिन्दी प्रश्न मंच का आयोजन किया गया।

4. सदस्य(समन्वय)/गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की अध्यक्षता में दि. 02.10.2021 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं गाँधी जयंती का आयोजन किया गया।

5. अध्यक्ष/गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की अध्यक्षता मे दिनांक 28.12.2021 को ‘जवाहरलाल नेहरू के जीवन एवं योगदान’ विषय पर संगोष्ठी का आयोगन किया गया।

6. महिला दिवस के पावन अवसर पर दिनांक 08.03.2022 को अध्यक्ष/गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की अध्यक्षता मे “कामकाजी महिलाओ की चुनौतियाँ” विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

7. सदस्य(समन्वय)/गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की अध्यक्षता में दि.31.03.2022 को विश्व शांति के कारगर उपाय विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

8. दि.18.05.2022 को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री द्वारा आयोग कार्यालय के 02 कार्मिकों को राजभाषा सम्मान से सम्मानित किया गया।

9. सदस्य(समन्वय)/गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की अध्यक्षता में दि. 31.05.2022 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं जल संरक्षण संकल्प का आयोजन किया गया।

राजभाषा अनुभागः महत्वपूर्ण गतिविधियाँ की कुछ झलकियाँ

फणीश्वरनाथ रेणु जन्मशताब्दी समारोह -2021

हिंदी दिवस समारोह-2021

राजभाषा बैठक एवं गाँधी जयंती-2021

संगोष्ठी-2022

राजभाषा सम्मान-2022

राजभाषा बैठक एवं जल संरक्षण संकल्प समारोह -2022